## सार-समाचार

### दो जनों सहित डेढ़ किलो डोडा पोस्त पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस की तरफ से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की धरपकड़ की जा रही है। सांयकालीन और रात्रिकालीन गश्त में संदिज्ध वाहनों की तलाशी भी निरंतर चल रही है। रविवार को डांगियावास पुलिस ने एक नई बोलेरो कैंपर का संदेह के आधार पर रूकवाया। बाद में गाड़ी की तलाश में डेढ़ किलो से ज्यादा अवैध डोडा पोस्त मिला। इसमें सवार दो युवकों को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। कैंपर 15-20 दिन पहले ही खरीद करना बताया जाता है। पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। प्रशिक्षु आईपीएस एवं डांगियावास थानाधिकारी आसिमा वासवानी ने बताया कि पुलिस की तरफ से नाकाबंदी में संदिज्ध लोगों की चैकिंग की जा रही थी। तब डांगियावास कस्बे के सालवांकलां गांव में एक नई बोलेरो कैंपर को रूकवाया कर तलाशी ली गई। उसमें बैठे युवक संदिज्ध लगने पर चैक किया गया। तब गाड़ी से 1 किलो 680 ठााम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। आईपीएस आसिमा वासवानी ने बताया कि इस पर उसमें सवार दो युवकों भोपालगढ़ के नांदिया प्रभावती निवासी अशोक पुत्र केसाराम जाट एवं गोदावास भोपालगढ़ निवासी मनीष पुत्र सहीराम जाट को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रथम दृष्टया पता लगा कि नई बोलेरो कैंपर 15-20 दिन पहले ही खरीद हुई है। जोकि मनीष जाट की होना प्रतीत हुआ है। फिलहाल अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। दूसरी तरफ कुड़ी भगतासनी पुलिस ने झालामंड में एक संदिज्ध व्यक्ति की तलाशी ली। उसके पास में 3 ग्राम से ज्यादा स्मैक बरामद हुई। थानाधिकारी हमीरसिंह के अनुसार रविवार को झालामंड क्षेत्र में गश्त करते एक व्यक्ति संदिग्ध नजर आने पर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास से 3.54 ग्राम स्मैक मिली। इस पर गुढ़ाविश्नोइयान बालाजी नगर निवासी हुकमाराम पुत्र हिम्मताराम विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### दो दिन में सात जगह से दुपहिया चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में वाहन चोरों की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दो दिनों में सात स्थानों से गाडिय़ां चोरी के प्रकरण पुलिस में दर्ज हुए है। भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि रैगरों का मोहल्ला बालरवा हाल सफाई कर्मचारी भगत की कोठी पीली टंकी नगर निगम कार्यालय में तैनात मुरली मनोहर पुत्र पदमाराम की तरफ से बाइक चोरी की रिपोर्ट दी गई। उसकी बाइक कार्यालय के निकट से चोरी हो गई। इसी तरह नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी निवासी स्वरूप सिंह पुत्र कानसिंह की बाइक उसके घर के बाहर से अज्ञात शख्स चुरा ले गया। इधर महामंदिर बीजेएस कॉलोनी गली नंबर 29 निवासी लक्ष्मण राम की बाइक पावटा जिला अस्पताल के पास से चोरी हो गई। उसने महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी। वहीं बाड़मेर के अबड़ासर हाल सुरपुरा बांध के पास में किराए पर रहने वाले मंजूर अली की बाइक सुरपुरा क्षेत्र से चोरी हो गई। वहीं सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट में 9 वीं बी रोड सरदारपुरा निवासी ललित कुमार ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर के बाहर से बाइक चुरा ले गया। जबकि प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में मूलत: सवाईमाधोपुर हाल वायु विहार झालामंड निवासी हरिकेश गुर्जर अपनी बाइक लेकर एक सिनेमा हॉल के पास बैंक आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इधर चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में थोरियो की ढाणी पाल बालाजी मंदिर के पास रहने वाले त्रिलोक प्रजापत की बाइक निजी स्कूल के निकट से चोरी हो गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में 8 मार्च को को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें जोधपुर जिला न्यायिक क्षेत्र के अधीनस्थ आने वाले फलोदी, बिलाड़ा, बालेसर, ओसियां, पीपाड़, भोपालगढ़, बाप लोहावट और जोधपुर जिला मुख्यालय पर स्थित सभी न्यायालयों में दीवानी और फौजदारी प्रकरण, प्री लिटिगेशन प्रकरणों के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों का निस्तारण भी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसारी सेवारत पीठासीन न्यायिक अधिकारी बेंच में न्यायिक अधिकारी के रूप में और सदस्य के रूप में संबंधित राजस्व अधिकारीकरण तथा बेंच के दूसरे सदस्य के रूप में एक स्थानीय अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। जोधपुर जिला मुख्यालयों पर तीन बेंच लगेगी। जिसमें अध्यक्ष के रूप में बेंच संख्या एक में विक्रांत गुप्ता जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर बैंच संख्या 2 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉक्टर मनीष चौधरी और बैंच संख्या 3 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जोधपुर करुणा शर्मा और पैनल अधिवक्ता बैंच सदस्य के रूप में राम प्रकाश प्रजापत, भानु प्रकाश दाधीच और जुगल किशोर सेवग जोधपुर जिला मुख्यालय पर स्थित न्यायालयों में लोक अदालत में आपसी समझाइश और राजीनामा से समझौता करवाने के लिए अधिक अधिक प्रकरणों का निस्तारण करेंगे। लोक अदालत 8 मार्च की सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

### 13 से बंद हो जाएगी हवाई सेवाएं

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में 13 मार्च से एयर कनेक्टिविटी बंद हो जाएगी। इंडिगो ने 3 शहरों के लिए आगामी 12 मार्च तक ही हवाई सेवाओं का शेड्यूल जारी किया है। इसके बाद हवाई सेवाओं पर विराम लग जाएगा। होली के त्योहार से ठीक पहले फ्लाइट बंद होने की खबर से पर्यटन बिजनेस से जुड़े लोग काफी निराश है। हर साल मार्च से सितंबर महीने तक फ्लाइट बंद हो जाने से सैलानियों की संख्या में कमी हो जाती है, वहीं 6 महीने के लिए एयरपोर्ट सूना हो जाता है। सिविल एयरपोर्ट जैसलमेर के निदेशक प्रमोद मीणा ने बताया कि इंडिगो ने 12 मार्च तक दिल्ली, जयपुर व मुंबई के लिए ही शेड्यूल जारी किया था। इस शेड्यूल के बाद अभी तक आगामी हवाई संचालन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। संभावना है कि 13 मार्च से जैसलमेर से हवाई सेवाएं बंद हो जाएगी।

### कमिश्नरेट का वार्षिक निरीक्षण 6 को

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट का वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम आगामी 6-7 मार्च को प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्षिक निरीक्षण करने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आवासन) आईपीएस बिनीता ठाकुर आएंगी। इसको लेकर पुलिस लाइन में वार्षिक परेड अभ्यास और तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। एडीसीपी (मुख्यालय) नाजिम अली ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट के वार्षिक निरीक्षण को लेकर पुलिस लाइन में वार्षिक परेड का अभ्यास चल रहा है। वार्षिक परेड की कमांड डीसीपी (यातायात/मुख्यालय) अमित जैन करेंगे। इसमें पांच प्लाटून की अगुवाई में वार्षिक परेड होगी। इसमें पहली प्लाटून में कमांडर एडीसीपी (मुख्यालय) नाजिम अली, दूसरी प्लाटून में कमांडर एसीपी (सेंट्रल) मंगलेश चूंडावत, तीसरी प्लाटून में कमांडर सरदारपुरा थाने की एसआई रिंकू, चौथी प्लाटून में कमांडर एसआई (यातायात) सुनिता और पांचवीं प्लाटून में कमांडर महामंदिर थाने के एसआई जसवंत सिंह रहेंगे।

### जैसलमेर में विंड मिल में लगी आग

**जैसलमेर**, (नि.सं)। जैसलमेर के फतेहगढ़ इलाके के मेगा गांव के पास एक विंड मिल में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। निजी कंपनी की विंड मिल में आग से करोड़ों की मशीन खाक हो गई। पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय पशुपालकों ने आग लगते देखा। उसने तुरंत सबको जानकारी दी। आग लगने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण इकट्ठा होकर वहां पहुंचे, मगर मशीन की आग को नहीं बुझा पाए। आग से मशीन जलकर नष्ट हो गई। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। मगर बताया जा रहा है कि तकनीकी फॉल्ट के चलते आग लगी है। निजी कंपनी के कर्मचारी आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं।

### एरिया डोमिनेशन में पकड़े लोग

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस जोधपुर ने मिशन संकल्प के तहत एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। मादक पदार्थ, संदिग्ध लोग, वारंटी और स्थाई वारंटियों की धरपकड़ भी की गई है। अभियान कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में देवनगर, राजीव गांधी नगर एवं प्रतापनगर थाना क्षेत्र में चलाया गया। पुलिस ने संदिज्ध लोगों की धरपकड़ के साथ मादक पदार्थ भी जब्त किए है। पुलिस की अलग अलग टीमों का गठन करते हुए सुबह छह बजे से दस बजे तक यह अभियान जारी रहा। पुलिस आयुक्त राजेंद्रसिंह के दिशा निर्देश पर एरिया डोमिनेशन के तहत डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज के सुपरविजन में एडीसीपी पश्चिम निशांत भारद्वाज, एसीपी प्रतापनगर रविंद्र बोथरा के नेतृत्व में वृत प्रतापनगर में मादक पदार्थ, वारंटी- स्थाई वारंटी एवं संदिज्ध लोगों की तलाश की गई। पुलिस ने सुबह छह बजे से अलग अलग टीमों का गठन करते हुए वृत क्षेत्र प्रतापनगर में सर्च अभियान चलाया। आबकारी के प्रकरण दर्ज किए जाने के साथ गाडिय़ों की सीज कार्रवाई की गई।

# डंपर चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर पुलिस ने सोमवार को पेट्रोल पम्प से डम्पर को चोरी कर ले जाने गैंग का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सरिता बिश्नोई उप निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना अनादरा द्वारा गठित टीम द्वारा अनादरा थाना हल्का क्षेत्र के सनवाडा में स्थित एचपी पेट्रोल पम्प से डम्पर चोरी करने वाले मुल्जिमों में से एक मुल्जिम को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने बताया कि कृष्णपाल सिंह देवडा पुत्र परबतसिंह देवडा जाति राजपुत उम्र 26 वर्ष पैशा ठेकेदारी निवासी सनवाडा पुलिस थाना अनादरा जिला सिरोही ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि फर्म का डम्पर पेट्रोल पंप सनवाडा से चोरी हो गया है। हमने इसको जीपीएस से ट्रैक करने की कोशिश करी तो इस पेट्रोल पंप से लगभग 2 किलोमीटर आगे पावापुरी जैन तीर्थ से पहले का लोकेशन मिला लेकिन जब हम उक्त जगह पर पहुंचे तो हमें उसका कंपनी फिटेड जीपीएस वहां पडा हुआ मिला उसका अंतिम लोकेशन 3.59 एएम था। उस डम्पर में गुजरात माइनिंग का एक और जीपीएस लगा हुआ था और फिर हमने इसको भी ट्रेस किया तो उसका अंतिम लोकेशन सांडेराव कोशलाव रोड पर सुबह 5.47 एएम पर मिला। प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारम्भ की गई। टीम ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच घटनास्थल को देखा गया तो वहां कोई सीसीटीवी कैमरे लगे हुये नहीं होने से चोरी हुये डम्पर के जीपीएस की अंतिम लोकेशन के आधार पर उस रूट पर विभिन्न होटल, ढाबों व अन्य प्रतिष्ठानो पर लगे लगभग 25०-30० सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गई तथा सिरोही, पाली, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, अलवर, सीकर, दौसा, भरतपुर, उदयपुर, जोधपुर, जालौर, साचौर इत्यादी जिलों में लगे लगभग सभी टोल प्लाजाओं की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गई तथा जगह जगह खास मुखबिरान मामुर किये तथा संदिग्ध मुस्तबा शख्सान व पुर्व में सम्पति सम्बंधित अपराधो में चालान शुदा अपराधियो से पुछताछ की गई। डम्पर चोरी की सुचना व तलाश बाबत समस्त थानाधिकारी राजस्थान को ईमेल किया गया। जगह जगह की बीटीएस ली जाकर साईबर सैल सिरोही द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त की गई तथा पुलिस थाना सांचौर द्वारा संदिग्धो व्यक्तियों को गिरफ्तार किये जाने की इत्तला प्राप्त होने पर तुरन्त टीम पुलिस थाना सांचौर पहुंचकर संदिग्धों से पुछताछ की गई मगर हर बार उक्त संदिग्धो द्वारा अलग अलग बाते बताने से उनसे पूछताछ हेतु दरतीयाब कर सांचौर से अनादरा थाने लाया जाकर विस्तृत पुछताछ शुरू की गई तथा तकनीकी डेटाबेस तैयार कर घहनता से विश्लेषण किया गया व सम्बधित थाने से आपराधिक रेकर्ड मंगवाया गया। दौराने पुछताछ उक्त संदिग्धो में से मुस्ताक ने अजीम व असगर के साथ मिलकर चोरी हुये डम्पर की चोरी करना स्वीकार किया तथा इसके अलावा मालपुरा टोंक, विवेक विहार जोधपुर, चांदबाजी जयपुर, कोटपुतली जयपुर, पाली, रानी, डिडवाना में पूर्व में भी डम्पर चोरी करना स्वीकार किया है तथा अन्य संदिग्ध असलम से पुछताछ की गई तो उसने विवेक विहार थाना जोधपुर महानगर में वाण्टेड होना व दुदु, मालपुरा में भी डम्पर चोरी करना स्वीकार किया है। असलम के बारे में सुचना विवेक विहार थाना जोधपुर महानगर में दी गई। उक्त आले दर्जे के डम्पर चोर व बदमाश है इनसे और दर्जनों चोरी खुलने की संभावना है।

# बाबा रामदेव विद्या मंदिर में आशीर्वाद समारोह हुआ

**रामदेवरा**, (निसं) । स्थानीय बाबा रामदेव विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं रामदेव पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम में संयुक्त रूप से आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया।

अंग्रेजी माध्यम प्रभारी निलेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 12 कला वर्ग, विज्ञान वर्ग और कृषि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की तरफ से विदाई दी गई। कार्यक्रम में आये अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत रूप से आगाज किया गया। कार्यक्रम में सत्यमगिरी सिवाना कोटेश्वर धाम का परम सानिध्य प्राप्त हुआ। वहीं अतिथि के रूप में गादीपति राव भोमसिंह तंवर, विरामदेवरा राव किशोर सिंह, सुमित्रा जैन चेयरमैन नगर परिषद बालोतरा, पोकरण डिप्टी भवानी सिंह, उपसरपंच खींवसिंह, परमेश्वर खत्री पूर्व सरपंच धिनावास, दौलतसिंह तंवर, भागीरथ सिन्हा, प्रधानाचार्य नवाज हुसैन एवं गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे। कक्षा 12 की पढाई पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय निदेशक नाथूसिंह तंवर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व सभी अतिथि मेहमानों का विद्यालय परिवार की तरफ से माला, पट्टिका पहनाकर अभिनंदन वस्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी । महंत सत्यमगिरी सिवाना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति आवश्यक है। डिप्टी भवानी सिंह ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया।

वहीं विद्यालय व्यवस्थापक अगरसिंह तंवर ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया।

# जालोर की बालिकाओं ने महिला वूशु में 3 पदक जीते

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर में 1 से 2 मार्च तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय खेलो इंडिया महिला वूशु प्रतियोगिता में जालोर की नन्ही बालिकाओं ने अपने पहले ही पदार्पण मुकाबले में तीन पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि गोदन से रवीना कुमारी, भीनमाल से निकिता व जालोर शहर से मानवी ने पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया व पदार्पण मुकाबले में ही कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि उक्त प्रतियोगिता में जालोर जिले से कुल 8 बालिकाओं ने भाग लिया है। बालिकाएं जालोर, गोदन व भीनमाल में कोच भावेश कुमार, कैलाशचंद्र, नीतू कुमारी व प्रभु देसाई के मार्गदर्शन में आभास करती हैं।

नन्ही वूशु खिलाडियों के पदक जीतने पर कोच राजेश कुमार टेलर, राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सचिव वरुण शर्मा, जिला कुश्ती संघ के अध्या महेन्द्र मुणोत, आर्य वीर दल के संचालक प्रशांत सिंह, जिला सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य, जिला पावर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष कांतिलाल आर्य, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, राष्ट्रीय मुक्केबाज जगदीश आर्य, थ्रोबाल संघ जिला सचिव छगन आर्य, एथलेटिक्स संघ के जिला कोषाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद तिवारी, वूशु कोच देवेश आर्य, प्रीतम सिंह राठौड, वूशु संघ के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, गणपत लाल आर्य, मोहनलाल आर्य, भूराराम आर्य, जितेन्द्र परिहार, अक्षयपाल सिंह राठौड सहित खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

## युवक ने होटल के आत्महत्या की

**जोधपुर**, (कासं)। जिले में एक युवक ने एक होटल में आत्महत्या कर ली। उसने फलोदी में एक होटल के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। उसके पिता 2003 में कश्मीर के राजौरी-पुंछ में शहीद हुए थे।

पुलिस ने बताया कि ओसियां थाना क्षेत्र में जाखड़ों की ढाणी सामराऊ निवासी किशनाराम पुत्र मुन्नाराम ने फलोदी के मुख्य बस स्टैंड के सामने स्थित होटल में आत्महत्या कर ली। उसने बिस्तर की चादर को फाडक़र दो हिस्सों में बांटा और एक टुकड़े से फंदा बनाया। कमरे से एक आधी खाली शराब की बोतल भी बरामद हुई। बड़े भाई मांगीलाल के अनुसार किशनाराम 19 फरवरी को घर से निकला था। वह पहले भी कई बार घर से जाता था और कुछ दिन बाद लौट आता था। पुलिस ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर मृतक की पहचान की। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। हालांकि जांच में पता चला है कि मृतक किशनाराम अविवाहित था। वह अक्सर घर से बाहर रहने लगा था। किशनाराम 19 फरवरी को अंतिम बार घर से गया था, जो वापिस लौट कर नहीं आया।

# सुरक्षा के बीच बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र बांटे

**जोधपुर**, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आगामी छह मार्च से दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी। इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों का वितरण सोमवार को सिवांची गेट स्थित श्री महेश उच्च माध्यमिक विद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया।

जोधपुर जिले में बोर्ड परीक्षाओं में 88 हजार 920 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। जिले के 255 परीक्षा केंद्रों में से 253 में उच्च माध्यमिक और दो परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक स्तर के बच्चों की परीक्षा होगी। परीक्षा में 40 हजार 708 बच्चे दसवीं कक्षा और 48 हजार 212 स्टूडेंट्स बारहवीं कक्षा के परीक्षा देंगे।

इस बार पूर्व के तीन परीक्षा केंद्रों को हटाकर छह नए परीक्षा केंद्र बनाए है। जिले में छह संवेदनशील व आठ अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए है। सभी 255 परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण सोमवार को विभिन्न रूट बनाकर सिवांची गेट स्थित श्री महेश उच्च माध्यमिक विद्यालय से किया गया। इसमें 135 परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र शहरी क्षेत्र के 25 पुलिस थानों में जबकि 101 परीक्षा केंद्रों के प्रश्न पत्र ग्रामीण क्षेत्र के 13 थानों तथा 18 परीक्षा केंद्रों के पेपर पांच क्लस्टर सेंटर (नोडल केंद्र) में पुलिस सुरक्षा के बीच रखे गए है।

परीक्षा के दौरान 241 परीक्षा केंद्रों की वीडियो रिकार्डिंग होगी, जबकि 14 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जिनको सीधे डीईओ या बोर्ड कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है।

## तीर्थ यात्रा शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर सिंधी वेलफेयर एंड मेडिकल सोसायटी सिंधु महिला मंडल के सिंधु महल की ओर से सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पांच दिवसीय निशुल्क तीर्थ यात्रा सोमवार को शुरू हुई। सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक जोधपुर से हरिद्वार और हरिद्वार से ऋषिकेश (देवभूमि) के लिए आज जोधपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। सिंधु महल के अध्यक्ष कन्हैयालाल टेवानी और उपाध्यक्ष दिनेश बंबानी ने बताया कि मंगलवार को हरिद्वार में विधि विधान से अज्ञात अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में किया जाएगा।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से 20 फीट उछली लग्जरी कार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर-देचू रोड पर रविवार शाम को हुए सडक़ हादसे का सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है। वीडियो में तेज स्पीड स्कॉर्पियो ने कार को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि चार लोग घायल हो गए।

स्कॉर्पियो की तेज स्पीड का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किया कार हवा में उछलकर करीब बीस फीट दूर जा गिरी।

वहीं हादसे के बाद स्कॉर्पियो भी साठ मीटर आगे जाकर पलट गई। दोनों कारों में सवार चार लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से देचू हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार पोकरण की तरफ जा रहे थे जबकि कार सवार पति-पत्नी देचू से जोधपुर की तरफ जा रहे थे।

तभी जोधपुर जैसलमेर मेगा हाईवे अनोप सिंह नगर के पास सडक़ हादसा हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटवाया।

## सफाई की

**जालोर**, (कासं)। नेहरू युवा मंडल के युवाओं ने गांवड़ी ग्राम में शीतला माता मंदिर प्रांगण, जीएसएस परिसर, राजकीय स्कूल प्रांगण पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।।

# रघुनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज पाली की ओर से पानी दरवाजा स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम बना। हजारों की संख्या में समाज के श्रद्धालु इस पावन अवसर पर एकत्रित हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

महोत्सव की शुरुआत सोमवार दोपहर 2:00 बजे मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बैंड बाजे, हाथी घोड़े, झांझर बैंड, समाज की दो युवतियां मोटरसाइकिल पर केसरिया साफा बंदे चला रही थी, वही जिसमें सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर नगर भ्रमण पर निकलीं। समाज के युवा व पुरुष केसरिया दुपट्टा हुआ साफा पहन कर चल रहे थे, भक्तों ने पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

नगर में भक्ति की बयार महोत्सव के चलते पूरा नगर भक्ति में डूबा नजर आया। मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। भक्तों के जयघोष और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत आइसक्रीम शीतल जल व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा की शुरुआत श्री रघुनाथ मंदिर से हुई और यह नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां, बैण्ड-बाजे, घोड़े एवं गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु जयघोष करते हुए चले। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा में निकाली गई झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान श्री रामचंद्र, माता सीता, लक्ष्मण और भक्त हनुमान के साथ श्रीराम परिवार की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

बाहुबली हनुमान की विशाल झांकी भी श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रही, जिसमें हनुमान जी अपने पराक्रमी रूप में नजर आए। झांकी में वानर सेना के जोश और श्रीराम के प्रति उनकी भक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु "जय श्री राम" के उद्घोष करने लगे।

इसके अलावा समाज के धर्मगुरु धर्म श्रीजी की झांकी भी भक्तों के लिए आस्था का केंद्र रही। श्रद्धालु झांकी के दर्शन कर अपने आपको धन्य मान रहे थे। शोभायात्रा में श्रीनाथ जी की भव्य झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें भक्तगण श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत होकर दर्शन कर रहे थे।

शोभायात्रा और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने इसे एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए मंदिर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज संस्थान के पदाधिकारियों ने इस भव्य आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समाजबंधुओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति ने इसे समाज की एकता और भक्ति का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक आयोजनों की इच्छा व्यक्त की।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉ एल एन सोनी , समाज अध्यक्ष रामचन्द्र सोनी , युवा अध्यक्ष गौरव, महिला मंडल अध्यक्ष हुक्मी मण्डोरा, गोपाल महेचा, कंवरलाल मण्डोरा, अरविंद बाड़मेरा, रामलाल मण्डोरा, मदनलाल सोनी, शांतिलाल मण्डोरा, जगदीश मण्डोरा, दीपक मण्डोरा, हेमा , मनीषा, रतन, उषा, शोभा , मीना , मधु , मंजू, सहित समाज बंधु मौजूद रहे। मंगलवार को मंदिर परिसर में हवन देव स्तुति आदि कार्यक्रम होंगे।

